पत्र संख्या-स्था0-1/ चरित्र पंजिका /परिपत्र/ संसूचन/ 2892 / वाणिज्य कर

कार्यालय, कमिश्नर, वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश।
(चरित्र पंजिका अनुभाग)
दिनांकः लखनऊः 21 सितम्बर, 2020

समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।
समस्त एडीशलन कमिश्नर ग्रेड-2, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।
समस्त ज्वाइन्ट कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।
समस्त डिप्टी कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।
समस्त असिस्टेन्ट कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

ज्ञातव्य है कि, स्वीकर्ता अधिकारी के मन्तव्योपरान्त सम्बन्धित अधिकारियों की प्रविष्टियां शासनादेश दिनांक 01-02-2013 के क्रम में संसूचित की जाती है, जिसमें वर्तमान प्रक्रिया के अनुसार संसूचन हेतु जोनल एडीशनल कमिश्नर के माध्यम से पत्र व्यवहार कर सम्बन्धित अधिकारी को उनकी संगत वर्ष से सम्बन्धित प्रविष्टि की एक छायाप्रति इस आशय से उपलब्ध करायी जाती है कि, उसकी एक प्रति पर उनके दिनांक सहित हस्ताक्षर करा कर तामीली स्वरुप मुख्यालय प्रेषित करें।

शासन के पत्र संख्या-रा0क0-4-640/11-19-100(7)/19 दिनांक 20-03-2020 के क्रम में वर्तमान में विद्यमान ईम्प्लाई इन्फारमेशन एण्ड मैनेजमेन्ट सिस्टम में भी सम्वन्धित अधिकारियों की प्रविष्टियां अपलोड कर अद्यावधिक किए जाने की सुविधा उपलब्ध है, सम्बन्धित अधिकारी अपने ईम्प्लाई आई0डी0 व पासवर्ड से लॉगिन कर तत्काल प्रविष्टियों को डाउनलोड कर प्राप्त कर सकता है, जो कि संसूचन हेतु एक सरल व त्वरित प्रक्रिया है। यह व्यवस्था सूचना एवं तकनीकी अधिनियम 2000 (यथासंशोधित) के विहित प्रावधानों के अनुरुप है। उल्लेखनीय है कि, प्रतिकूल वार्षिक प्रविष्टि के सम्बन्ध में ई0आई0एम0एस0 में अपलोड किये जाने के साथ-साथ पूर्व की भांति पत्र के माध्यम से भी संसूचन किये जाने की प्रक्रिया बनी रहेगी।

उक्तानुसार सम्बन्धित अधिकारियों के इम्प्लाई इन्फारमेशन एण्ड मैनेजमेन्ट सिस्टम में प्रविष्टियों को जिस तिथि में अपलोड करेंगें, उस तिथि को ही प्रविष्टि की तामीली व संसूचन तिथि माना जाएगा।

(अमृता सोनी)
कमिश्नर, वाणिज्य कर
उत्तर प्रदेश।

पृ0प0सं0 व दिनांक उक्त।

1. अपर मुख्य सचिव, राज्य कर को शासन के पत्र संख्या-रा0क0-4-640/11-19-100(7)/19 दिनांक 20-03-2020 के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।
2- एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-1/2 (उ0 न्यायालय कार्य) इलाहाबाद / लखनऊ।
3- ज्वाइन्ट कमिश्नर (उच्च न्यायालय / सर्वोच्च न्यायालय कार्य) वाणिज्य कर, इलाहाबाद/लखनऊ/ गाजियाबाद।
4- अपर निदेशक (प्रशिक्षण) वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान गोमतीनगर लखनऊ।
5- ज्वा0कमि0 (आई0टी0) वा0क0, मुख्यालय को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

21.09.2020
(डी0 के0 सचान)
ज्वाइन्ट कमिश्नर (स्थापना) वाणिज्य कर
मुख्यालय, लखनऊ।